भारत सरकार

वित्त मंत्रालय

वित्तीय सेवाएं विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 3478

जिसका उत्तर सोमवार, 10 अगस्त, 2026/19 श्रावण, 1948 (शक) को दिया गया

पीएमजेडीवाई के तहत वारंगल में वित्तीय समावेशन

†3478. डॉ. कडियम काव्य:

क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत तीन वर्षों के दौरान खोले गए जन धन खातों की संख्या, जारी किए गए रुपे कार्ड, आधार सीडिंग, प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) कवरेज और खाता उपयोग सहित प्रधानमंत्री जन धन योजना (पीएमजेडीवाई) के अंतर्गत वारंगल जिले में वित्तीय समावेशन की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) इसमें शामिल किए गए लाभार्थियों की संख्या और आयोजित जागरूकता कार्यक्रम सहित उक्त अवधि के दौरान जिले में कार्यान्वित डिजिटल भुगतान प्रोत्साहन और वित्तीय साक्षरता पहलों का ब्यौरा क्या है; और

(ग) बैंक शाखाओं का खुलना, बैंकिंग संवाददाताओं (बीसी) की तैनाती, डिजिटल बैंकिंग सेवाओं का विस्तार और औपचारिक वित्तीय सेवाओं तक पहुंच में सुधार के उपाय सहित वारंगल जिले के ग्रामीण और कम सेवा वाले क्षेत्रों में बैंकिंग अवसंरचना को सुदृढ़ करने के लिए सरकार द्वारा पिछले तीन वर्षों में क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पंकज चौधरी)

(क): प्रधानमंत्री जन धन योजना (पीएमजेडीवाई) के अंतर्गत पिछले तीन वर्षों के दौरान तेलंगाना के वारंगल जिले में वित्तीय समावेशन की स्थिति निम्नानुसार है:

वित्तीय वर्ष (निम्नलिखित स्थिति के अनुसार)	**खातों की संख्या**	**जारी किए गए रुपे कार्ड**	**आधार से जोड़े गए खाते**	**परिचालनरत खाते**
मार्च 24	2,69,894	2,12,030	2,18,133	2,28,257
मार्च 25	2,71,931	2,05,834	2,35,968	2,24,956
मार्च 26	3,02,317	2,26,409	2,65,470	2,20,607

इसके अलावा, प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) योजनाओं से जोड़े गए पीएमजेडीवाई खातों की संख्या से संबंधित आंकड़ों का रखरखाव केन्द्रीय रूप से नहीं किया जाता है।

(ख): तेलंगाना के वारंगल जिले में बैंकों द्वारा पिछले तीन वित्तीय वर्षों के दौरान आयोजित वित्तीय साक्षरता शिविरों और डिजिटल भुगतान जागरूकता शिविरों का विवरण निम्नानुसार है: -

वित्तीय वर्ष	आयोजित कार्यक्रमों की संख्या	भाग लेने वाले लाभार्थियों की संख्या
मार्च' 24 की स्थिति के अनुसार	1263	40027
मार्च' 25 की स्थिति के अनुसार	1446	50271
मार्च' 26 की स्थिति के अनुसार	2133	68334

स्रोत: एसएलबीसी तेलंगाना

(ग): ग्रामीण और दूर-दराज के क्षेत्रों में बैंकिंग सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करने के लिए, सरकार का प्रयास देश के सभी बसे हुए गांवों के 5 किलोमीटर के दायरे में एक बैंकिंग आउटलेट (बैंक शाखा/व्यवसाय प्रतिनिधि / इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक) प्रदान करना है। बैंकिंग आउटलेट की उपलब्धता की निगरानी भौगोलिक सूचना प्रणाली (जीआईएस) आधारित एप्लिकेशन द्वारा की जाती है, जिसका नाम जन धन दर्शक (जेडीडी) ऐप है। जेडीडी ऐप पर बैंकों द्वारा अपलोड किए गए आंकड़ों के आधार पर दिनांक 30.06.2026 तक तेलंगाना के वारंगल जिले के सभी बसे हुए गांवों को 5 किलोमीटर के दायरे में बैंकिंग आउटलेट (बैंक शाखा/बीसी/आईपीपीबी) से कवर किया गया है।

तेलंगाना के वारंगल जिले में पिछले तीन वित्तीय वर्षों में बैंकिंग अवसंरचना का विवरण निम्नानुसार है:

वित्तीय वर्ष (निम्नलिखित स्थिति के अनुसार)	शाखाएं	बीसी	एटीएम
मार्च' 24	133	3132	284
मार्च' 25	139	2802	285
मार्च' 26	140	2836	269

स्रोत: एसएलबीसी तेलंगाना

*****